# पाठ-योजना

**अध्यापिका/अध्यापक** :

**पुस्तक** : उड़ान हिंदी पाठमाला भाग-8

**विषय** : हिंदी **दिनांक** : ......................

**उपविषय** : जलियाँवाला बाग में बसंत, पाठ-12 **अवधि** : 3-4 वादन

| पाठ संख्या | सुनना, बोलना और पढ़ना | चिंतन | लिखना | गतिविधियाँ | जीवन मूल्य तथा पारिवारिक, सामाजिक व राष्ट्रीय चेतना |
|---|---|---|---|---|---|
| 12. | सस्वर कविता वाचन, शुद्ध उच्चारण, प्रश्नोत्तर, जानकारी प्राप्त करके बताना। | अर्थ-बोध, भाव-बोध, कारण, उद्देश्य, प्रतीक समझना, संदेश। | पर्याय शब्द का मिलान, पंक्तियाँ पूरी करना, पद्यांश पर आधारित, अति लघु, लघु तथा निबंधात्मक प्रश्न। | संवाद, आज़ादी का मूल्य जानना, सोच विचार, कवयित्री का परिचय, जालियाँवाला बाग कांड का परियोजना। | मानवीय संवेदना, करुणा, भाव, त्याग और तपस्या। |

**सामान्य उद्देश्य** :
1. छात्रों में शुद्ध वाचन तथा पढ़ने-लिखने के कौशल का विकास करना।
2. अपने विचारों को सही प्रकार से प्रकट करने का ज्ञान व अभ्यास कराना।
3. वर्तनी संबंधी अशुद्धियों को दूर करने का प्रयास करना।
4. छात्रों के शब्द भंडार में वृद्धि करना।
5. प्रश्नों के उत्तर को भली-भाँति लिखने का अभ्यास कराना।

**विशिष्ट उद्देश्य** :
1. शुद्ध रूप में आनंदभाव से 'कविता' का लयबद्ध गान कराना तथा कविता के माध्यम से भारत की निहत्थी और शांतिपूर्वक सभा कर रही जनता पर जलियाँवाला बाग में अंग्रेज़ सरकार द्वारा गोली चलाने की मार्मिक कथा को बताना।
2. पर्यायवाची शब्दों का ज्ञान कराना।

**सहायक सामग्री** : श्यामपट्ट, चॉक, डस्टर, चार्ट आदि।

**पूर्वज्ञान-परीक्षा** : अध्यापिका/अध्यापक छात्रों की पूर्वज्ञान परीक्षा लेने के लिए छात्रों से पूछेंगे कि जलियाँवाला बाग कहाँ पर स्थित है? जलियाँवाला बाग किस रूप में जाना जाता है? आदि।

**उद्देश्य-कथन** : अध्यापिका/अध्यापक प्रश्नों के उत्तर संतोषजनक या असंतोषजनक पाकर अपने उद्देश्य की घोषणा करेंगे कि बच्चो, आज हम 'जलियाँवाला बाग में बसंत' पाठ-12 का अध्ययन करेंगे।

**कॉरडोवा सी.डी. (CD)** के माध्यम से पाठ को दर्शाएँगे।

**शिक्षण-बिंदु** : 'जलियाँवाला बाग में बसंत' पाठ-12 के प्रश्नों के उत्तर छात्रों की सहायता लेते हुए कराए जाएँगे।

| अध्यापिका/अध्यापक क्रियाएँ | छात्र-क्रियाएँ |
|---|---|
| प्र.1. जलियाँवाला बाग किससे सना पड़ा है? | उ. जलियाँवाला बाग खून से सना पड़ा है। |
| प्र.2. कोकिला कौन-सा राग गाती है? | उ. कोकिला रोने का राग गाती है। |
| प्र.3. यहाँ शोर मचाने के लिए क्यों मना किया? | उ. यह शोक-स्थान है इसलिए शोर मचाने के लिए मना किया है। |

**पाठ पढ़ाने के पश्चात–**

**मौखिक** : सर्वप्रथम अध्यापिका/अध्यापक कठिन शब्दों का उच्चारण कराएँगे तथा पाठ से संबंधित मौखिक प्रश्न पूछेंगे।

जैसे– प्र. देश की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राणों का बलिदान करने वाले कुछ शहीदों के नाम बताइए।

उ. सरदार भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, नेता जी सुभाष चंद्र बोस आदि।

इसी प्रकार से सभी प्रश्नों को मौखिक रूप में पूछेंगे।

**लिखित** : प्रत्येक प्रश्नों के उत्तर लिखित रूप में करवाने से पहले मौखिक रूप में पूछेंगे। तत्पश्चात लिखवाएँगे।

1. सर्वप्रथम प्रत्येक शब्दों के अर्थ बताएँगे। तत्पश्चात शब्दों के अर्थ से मिलान करवाएँगे।
2. कविता की पंक्तियों को पूरा करवाएँगे।
3. **कॉरडोवा सी.डी. (CD)** के माध्यम से संकेत पद्यांश को दर्शाएँगे। तत्पश्चात प्रश्नों के उचित उत्तर में ✓ का निशान लगवाएँगे।
4. अति लघु, लघु तथा निबंधात्मक प्रश्नों को भली–भाँति समझाएँगे। उसके बाद सीमा रेखा के अंतर्गत प्रश्नों के उत्तर लिखवाएँगे।
5. संकेत पद्यांश में आए कठिन शब्दों के अर्थ बताएँगे। तत्पश्चात सप्रसंग भावार्थ लिखवाएँगे।

**आओ अब कुछ बात करें** : 'जलियाँवाला बाग में बसंत' कविता की कवयित्री सुभद्रा कुमारी चौहान के बारे में संवाद कराएँगे।

'जलियाँवाला बाग में बसंत' कविता सुनाने के लिए कहेंगे।

**परियोजना निर्माण** : जलियाँवाला बाग कांड परियोजना तैयार करने के लिए कहेंगे। तथा सुभद्रा कुमारी चौहान की अन्य कविताएँ पढ़ने के लिए प्रोत्साहित करेंगे।

**निष्कर्ष** : बच्चों ने लयबद्ध शुद्ध रूप में गान किया तथा जलियाँवाला बाग में हुए हृदय विदारक कांड के बारे में जाना।

पर्यायवाची शब्दों का ज्ञान हुआ।

**कक्षा-कार्य निरीक्षण** : अध्यापिका/अध्यापक कक्षा में छात्रों को लिखवाए गए प्रश्नों के उत्तर का निरीक्षण करेंगे तथा अशुद्धियों को ठीक कराएँगे।